


अगर फैसला मेरे हाथ में होता और सभी खिलाड़ी फिट होते, तो मैं वर्ल्ड कप में खेलने वाले सभी खिलाड़ियों को पूरी वनडे सीरीज में मौका देना चाहता। अगर पहले वनडे, फिर टी-20 और उसके बाद टेस्ट सीरीज होती, तो हम पांचों वनडे में अपनी मजबूत टीम उतार सकते थे। - **शुभमन गिल**

भारतीय कप्तान, वनडे सीरीज को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — **शुभमन गिल**



भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज से वनडे सीरीज का आगाज होने जा रहा है। इस सीरीज में टीम इंडिया की कमान शुभमन गिल के हाथों में होगी। शुभमन गिल के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीरीज सिर्फ कप्तानी और टीम की तैयारियों को परखने का मौका नहीं होगी, बल्कि उनके पास बल्ले से एक बड़ा इतिहास रचने का भी सुनहरा अवसर है। भारतीय कप्तान साल 2026 में क्रिकेट में 1000 रन पूरे करने से महज 105 रन दूर हैं। अगर वह न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में यह आंकड़ा छू लेते हैं, तो इस साल में 1000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन जाएंगे।

क्या आप जानते हैं ?... पाकिस्तान की टीम ने श्रीलंका के खिलाफ लाहौर में 326 रनों का पीछा कर जीत हासिल की। यह किसी भी वनडे टूर्नामेंट के फाइनल में किया गया संयुक्त रूप से सबसे बड़ा सफल रन चेज़ है।

भारत बनाम न्यूजीलैंड वनडे : अनुभवहीन गेंदबाजी के साथ उतरेगी भारतीय टीम

ऑकलैंड, 3 नवम्बर। रोहित शर्मा और विराट कोहली पर एक बार फिर से सभी की निगाहें टिकी रहेंगी लेकिन भारत के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण के कारण न्यूजीलैंड बुधवार से यहां शुरू होने वाली पांच मैचों की वनडे श्रृंखला में बेहतर स्थिति में नजर आ रहा है। वनडे श्रृंखला के बाद होने वाली टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखकर जसप्रीत बुमराह को विश्राम दिया गया है जबकि प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं। ऐसे में अनुभवी मोहम्मद सिराज को अतिरिक्त जिम्मेदारी उठानी होगी। सिराज के अलावा भारतीय टीम में शामिल अन्य चार विशेषज्ञ गेंदबाजों अर्शदीप सिंह (18), गुरनूर बराड़ (09), अंशुल कंबोज और आकिब नबी (एक-एक) के पास कुल मिलाकर 29 वनडे मैचों का अनुभव है। टौरंगा में पांचवें और अंतिम वनडे के तुरंत बाद शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए अंतिम दो वनडे में भारत के कुछ स्टार खिलाड़ी नहीं खेलेंगे। वनडे श्रृंखला 15 नवंबर को समाप्त होगी और पहला टेस्ट मैच 19 नवंबर को वेलिंगटन में खेला जाएगा। यहां तक कि कप्तान शुभमन गिल भी टेस्ट मैचों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आखिरी दो वनडे मैचों में नहीं खेलेंगे। गिल ने पहले वनडे की पूर्व संध्या पर कहा, "अगर वनडे श्रृंखला और टेस्ट श्रृंखला के बीच कुछ अधिक अंतराल होता तो हम सभी पांच मैच में खेलते लेकिन वनडे और टेस्ट मैचों के बीच बहुत कम अंतराल होने



के कारण हमें कार्यभार का प्रबंधन करना होगा। इसलिए टेस्ट टीम में शामिल कुछ खिलाड़ी आखिरी दो वनडे नहीं खेल पाएंगे।" दक्षिण अफ्रीका की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में चौथे नंबर पर काबिज भारत के लिए फाइनल में पहुंचने की राह कठिन हो गई है। उसे अब बाकी बचे सात टेस्ट मैचों में से कम से कम छह जीतने होंगे और साथ ही यह भी उम्मीद करनी होगी कि कुछ अन्य मैचों के परिणाम उसके अनुकूल रहें। यही वजह है कि भारत टेस्ट श्रृंखला को ज्यादा प्राथमिकता दे रहा है। वनडे में भारत के शीर्ष पांच बल्लेबाज लगभग तय हैं। रोहित और कप्तान गिल पारी की शुरुआत करेंगे। उनके बाद कोहली और उप कप्तान श्रेयस अय्यर का नंबर आता है। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे, जबकि ऑलराउंडर अक्षर पटेल और नितीश कुमार रेड्डी (जो केवल पहले वनडे के लिए उपलब्ध हैं) को छठे और सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जा सकता है।

टीम इस प्रकार हैं- भारतः शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेट कीपर), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, अंशुल कंबोज, आकिब नबी, गुरनूर बराड़, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, इशान किशन, कुलदीप यादव, नमन धीर। **न्यूजीलैंडः** मिचेल सैंटनर (कप्तान), टिम सीफर्ट, हेनरी निकोल्स, टॉम लैथम (विकेट कीपर), विल यंग, ग्लेन फिलिप्स, डैरिल मिचेल, माइकल ब्रैसवेल, जैकब डफी, काइल जैमीसन, मैथ्यू फिशर, मैट हेनरी, ब्लेयर टिकनर, नाथन स्मिथ। मैच भारतीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे शुरू होगा।

राजस्थान स्टेट सब जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

जयपुर, 3 नवंबर। राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में जयपुर में चल रही राजस्थान स्टेट सब जूनियर (अंडर-15) बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 में मंगलवार को खिलाड़ियों के बीच विभिन्न वर्गों में रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में बालक एकल, बालिका एकल, बालक युगल एवं मिश्रित युगल वर्ग के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, दमदार स्मैश और बेहतरीन कोर्ट कवरेज का प्रदर्शन किया। मंगलवार को क्वालीफिकेशन मुकाबलों के साथ मुख्य ड्रॉ के राउंड-128 एवं बालक युगल वर्ग के राउंड-64 के मैच खेले गए। कई मुकाबले तीन गेम तक चले, जिनमें खिलाड़ियों ने अंतिम अंक तक संघर्ष किया। क्वालीफिकेशन मुकाबलों के प्रमुख परिणाम: मिश्रित युगल क्वालीफिकेशन राउंड-2 में कान्हा गुर्जर एवं पर्ल पारीक ने वासु देव एवं अनुषा चौधरी को 15-10, 15-8 से हराया। उत्कर्ष सिंह राठौड़ एवं आराध्या ढींगरा ने भूमिक एवं बृंदा लखियानी को 15-3, 15-4 से पराजित किया। अमन गुर्जर एवं साक्षी सिंह ने लक्ष्य राज सिंह नाथावत एवं अरिन सिंह को 15-11, 15-10 से हराया। वहीं हर्ष कंडपाल एवं ओजस्विता दुबे ने नैतिक बंसल एवं राशि सिंघल को 15-6, 15-12 से शिकस्त दी। बालक एकल क्वालीफिकेशन राउंड-4 में अनंशुल कौशिक, विवान सिंह, आर्यन प्रताप तक्षक, मानवेंद्र चौधरी, एकमजीत सिंह, लवित्र अग्रवाल एवं मयंक यादव ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं क्वालीफिकेशन के अन्य मुकाबलों में सूर्यवीर सिंह चुंडावत, हर्षित चौधरी, दिव्यांश व्यास, आयुष सिंह गोगावत, मुदित सिंह, अद्विक मित्तल, पुण्य मिगलानी, अर्जुन विजयवर्गीय, हर्ष कंडपाल, अंश जैन, नक्ष जैन, आरव सैनी एवं लक्ष्य देवेंदा ने भी जीत दर्ज की।

अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी में सचिन और पार्थ के शतक

जयपुर, 3 नवंबर। जयपुर में राजस्थान और बिहार के बीच शुरू हुए अंडर-23 सीके नायडू ट्रॉफी मुकाबले के पहले दिन राजस्थान के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। सलामी बल्लेबाज सचिन लखेसर और पार्थ यादव ने शानदार शतकीय पारियां खेलकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। राजस्थान ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक तीन विकेट पर 332 रन बना लिए। सचिन लखेसर ने 213 गेंदों पर 17 चौकों की मदद से 137 रन बनाए, जबकि पार्थ यादव ने 182 गेंदों पर 11 चौकों और एक छक्के की सहायता से 101 रन की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। प्रशांत माली ने 33 रन का योगदान दिया। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर कप्तान मुकुल चौधरी 21 और करण सिंह 27 रन बनाकर नाबाद थे। राजस्थान की टीम दूसरे दिन इसी मजबूत शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने के इरादे से उतरेगी।

अंडर-14 चैलेंजर ट्रॉफी के लिए चयन ट्रायल 10 को

जयपुर, 3 नवंबर। जयपुर जिला क्रिकेट संघ की ओर से अंडर-14 चैलेंजर ट्रॉफी के लिए चयन ट्रायल 10 नवंबर को सुबह 9 बजे केएल सैनी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। ट्रायल में केवल जयपुर के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। इसके लिए खिलाड़ी का जन्म 1 सितंबर 2012 से 31 अगस्त 2015 के बीच होना अनिवार्य है। ट्रायल में शामिल होने के इच्छुक खिलाड़ियों को अपना रजिस्ट्रेशन 4 और 5 नवंबर को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक केएल सैनी स्टेडियम में करवाना होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक दस्तावेज: कंप्यूटर से जारी जन्म प्रमाण पत्र।, खिलाड़ी एवं माता-पिता के आधार कार्ड।, मूल निवास प्रमाण पत्र।, पिछले तीन वर्षों की मार्कशीट।

सीनियर टी-20 चैलेंजर प्रतियोगिता में दौसा के दिव्यांशु सिंह गौसिंगा का चयन

जयपुर, 3 नवंबर। राजस्थान क्रिकेट संघ की ओर से 4 नवंबर से जयपुर में आयोजित होने वाली सीनियर टी-20 चैलेंजर प्रतियोगिता के लिए दौसा जिले के क्रिकेटर दिव्यांशु सिंह गौसिंगा का चयन हुआ है। उन्हें प्रतियोगिता में टीम-बी में शामिल किया गया है। जिला क्रिकेट संघ दौसा के सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों के करीब 50 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इनमें दौसा जिले से दिव्यांशु सिंह का चयन होना जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि चैलेंजर प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को बीसीसीआई की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए राजस्थान टीम में चयन का अवसर मिलेगा। दिव्यांशु के चयन पर जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

स्टेप हेड क्रिकेट अकादमी ने मिनर्वा क्रिकेट क्लब को 204 रन से हराया

जयपुर, 3 नवम्बर। यू-14 मानसून कप क्रिकेट प्रतियोगिता में स्टेप हेड क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मिनर्वा क्रिकेट क्लब को 204 रन से पराजित किया। स्टेप हेड क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 8 विकेट पर 293 रन बनाए। इसमें दिगेश्वर ने 73, नवीन शर्मा ने 51 और रुद्र प्रताप सिंह ने 45 रन का योगदान दिया। मिनर्वा क्रिकेट क्लब की ओर से लेबास सिंह, सुहन और शशांक ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में मिनर्वा क्रिकेट क्लब की टीम 30 ओवर में 89 रन पर सिमट गई। करण शर्मा ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। स्टेप हेड की ओर से अभय सिंह शेखावत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके, जबकि निर्भय सिंह शेखावत ने 2 विकेट लिए।

मैक्सवेल ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया

टी-20 इंटरनेशनल में ऑस्ट्रेलिया के तीसरे टॉप स्कोरर

नई दिल्ली, 3 नवम्बर। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल अब इंटरनेशनल क्रिकेट में नहीं खेलेंगे। 38 साल के मैक्सवेल ने टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया है। वे जून 2025 में वनडे क्रिकेट को भी अलविदा कह चुके हैं। उन्होंने लिस्ट- और फर्स्ट-क्लास क्रिकेट से भी संन्यास लिया है। हालांकि, वे मेलबर्न स्टार्स के लिए बिग बैश लीग खेलते रहेंगे। टीम के साथ उनका कॉन्ट्रैक्ट 2027-28 सीजन तक है। वे में भी खेल सकते हैं। मैक्सवेल ने आखिरी इंटरनेशनल मैच फरवरी 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप में ओमान के खिलाफ खेला था। यह ऑस्ट्रेलिया का आखिरी ग्रुप मैच था।

130 टी-20 इंटरनेशनल खेले: मैक्सवेल ने 2012 में पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 इंटरनेशनल डेब्यू किया था। उन्होंने 130 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 2,897 रन बनाए। वे इस फॉर्मेट



में ऑस्ट्रेलिया के लिए तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनके नाम 5 शतक दर्ज हैं। भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के नाम भी टी-20 इंटरनेशनल में इतने ही शतक हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 7 टेस्ट भी खेले। इसमें 339 रन बनाए। उनका इकलौता टेस्ट शतक 2017 में भारत के खिलाफ रांची में आया था।

फ्यूचर को लेकर लगातार बातचीत, पर दबाव नहीं था: मैक्सवेल ने कहा कि उनके भविष्य को लेकर कुछ समय से बातचीत चल रही थी। 'द फाइनल वर्ड' पॉडकास्ट में उन्होंने बताया कि टी-20 वर्ल्ड कप से पहले और बाद में इस पर चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा, टीम मैनेजमेंट की ओर से कोई दबाव नहीं था। हमने वापसी का रास्ता खुला रखा था। कुछ सीरीज में टीम नए खिलाड़ियों को मौका देना चाहती थी। बांग्लादेश में ऐसा हुआ और खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

एमसीजी में विदाई मैच की उम्मीद थी: इंग्लैंड के खिलाफ व्हाइट-बॉल दौरे में मेलबर्न में एक टी-20 मैच खेला जाएगा। मैक्सवेल को उम्मीद थी कि ऑस्ट्रेलियाई बोर्ड उन्हें अपने घरेलू मैदान पर विदाई मैच खेलने का मौका देगा। उन्होंने कहा कि पिछले 15 साल में यह फॉर्मेट उनके लिए घर जैसा रहा है, इसलिए वे मेलबर्न में यादगार विदाई चाहते थे। मैक्सवेल ने बताया कि इंग्लैंड के खिलाफ इस मैच में खेलने का विकल्प था, लेकिन उन्होंने की तैयारी को प्राथमिकता दी। वे घुटने की चोट से उबरने के लिए 8 हफ्ते तक रिहैब करेंगे, ताकि बिग बैश लीग के लिए फिट हो सकें।

वनडे सीरीज के पहले मैच से डेवोन कॉन्वे बाहर

नई दिल्ली, 3 नवम्बर। भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज का आगाज होने में अब कुछ ही घंटे का वक्त बाकी है, इस बीच न्यूजीलैंड की टेंशन कम होने का नाम नहीं ले रही है। अब मैच से एक दिन पहले अचानक से टीम के स्टार खिलाड़ी डेवोन कॉन्वे पहले मुकाबले से बाहर हो गए हैं। मंगलवार को ही अब से कुछ देर पहले वे अपने ही साथी से टकरा गए, ऐसे में उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। इस बीच दूसरे खिलाड़ी मैट हेनरी भी चोटिल हुए हैं, लेकिन उनकी हालत सामान्य है। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम ने भारत के खिलाफ शुरू होने वाली वनडे सीरीज से पहले अपनी तैयारी शुरू कर दी है। मंगलवार को टीम एक ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा ले रही थी। इसी दौरान डेवोन कॉन्वे और मैट हेनरी एक कैच लेने के प्रयास में टकरा गए। इससे दोनों को चोट लगी है। दोनों को तुरंत मैदान से बाहर जाना पड़ा और उन्हें मेडिकल की सुविधा दी गई। पता चला है कि डेवोन कॉन्वे के सिर में चोट लगी है।

यशस्वी जायसवाल की 155 रन की नाबाद पारी

162 गेंदों में 15 चौके, 5 छक्के लगाए, इंडिया-ए और न्यूजीलैंड-ए मैच ड्रॉ

नई दिल्ली, 3 नवम्बर। भारत-ए और न्यूजीलैंड-ए के बीच क्राइस्टचर्च में खेला गया दूसरा अनऑफिशियल टेस्ट ड्रॉ रहा। मैच के तीसरे दिन भारत-ए ने दूसरी पारी में 2 विकेट पर 282 रन बनाए। पहली पारी में न्यूजीलैंड-ए को 78 रन की बढ़त




मिली थी। भारत ने पहली पारी में 346 रन बनाए थे, जबकि न्यूजीलैंड-ए ने 424 रन बनाए। दूसरी पारी में भारत-ए के लिए यशस्वी जायसवाल ने नाबाद 155 रन बनाए। उन्होंने 162 गेंदों की पारी में 15 चौके और 5 छक्के लगाए। यश राठौड़ ने भी 122 गेंदों पर नाबाद 100 रन बनाए। उनकी पारी में 9 चौके शामिल रहे। साई सुदर्शन 11 रन बनाकर आउट हुए, जबकि देवदत्त पडिक्कल खाता नहीं खोल सके। जायसवाल और राठौड़ ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 247 रन की साझेदारी की। इससे पहले भारत-ए ने पहली पारी में 346 रन बनाए थे। कप्तान ध्रुव जुरेल ने 105 रन की पारी खेली। उन्होंने 171 गेंदों का सामना किया और 11 चौके व 3 छक्के लगाए। देवदत्त पडिक्कल ने 80 और आकाश दीप ने 68 रन बनाए। साई सुदर्शन ने भी 41 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड-ए की ओर से फ्रेजर शीट ने 4 विकेट लिए, जबकि ब्रेट रैंडेल और जारोड मैके को 2-2 विकेट मिले। न्यूजीलैंड-ए ने पहली पारी में 424 रन बनाए। मैथ्यू बॉयल ने 110 और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने 93 रन बनाए। क्रिस्टियन क्लार्क ने 41, फ्रेजर शीट ने 40 और जारोड मैके ने 33 रन जोड़े।

रणजी में रोहन का शतक, महिपाल लोमरोर 97 रन बनाकर चूके

हिमाचल के खिलाफ राजस्थान ने बनाई 222 रन की बढ़त, दूसरी पारी में स्कोर 297/4





जयपुर, 3 नवंबर। धर्मशाला में मेजबान हिमाचल प्रदेश और राजस्थान के बीच खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मुकाबले के दूसरे दिन राजस्थान ने शानदार वापसी करते हुए मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। राजस्थान के सलामी बल्लेबाज रोहन राजभर ने शानदार शतक लगाया, जबकि पूर्व कप्तान महिपाल लोमरोर शतक से मात्र तीन रन दूर रह गए। मैच के पहले दिन 20 विकेट गिरने के बाद दूसरे दिन विपरीत परिस्थितियों में बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने दूसरी पारी में दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 297 रन बना लिए। राजस्थान रणजी टीम के मीडिया मैनेजर मनीष शर्मा के अनुसार, पहली पारी में 78 रन पर सिमटने के बाद राजस्थान ने हिमाचल को 153 रन पर आउट किया था। इस तरह हिमाचल को पहली पारी में 75 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में राजस्थान ने 27 रन पर सचिन यादव का पहला विकेट गंवा दिया। इसके बाद रोहन राजभर और महिपाल लोमरोर ने दूसरे विकेट के लिए 209 रन की शानदार साझेदारी कर टीम को संकट से उबारा। रोहन राजभर ने 263 गेंदों पर 11 चौकों और एक छक्के की मदद से 140 रन बनाए, जबकि महिपाल लोमरोर ने 190 गेंदों पर 10 चौकों की सहायता से 97 रन की पारी खेली। करण लाम्बा ने 29 रन बनाए। दिन का खेल समाप्त होने पर कप्तान कार्तिक शर्मा 9 और विशाल हर्ष बिना खाता खोले नाबाद थे। हिमाचल के लिए अर्पित गुलेरिया और अभिषेक कुमार ने दो-दो विकेट लिए। राजस्थान की कुल बढ़त 222 रन हो गई है और उसके छह विकेट शेष हैं।


सात्विक जैन के ऑलराउंड प्रदर्शन के बावजूद डायमंड क्रिकेट एकेडमी हारी

जयपुर, 3 नवंबर। मैत्री क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित पांचवीं भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में डायमण्ड क्रिकेट एकेडमी और एक्सीलेंस क्रिकेट एकेडमी के बीच मुकाबला खेला गया। मुकाबले में सात्विक जैन ने 35 रन बनाने के साथ 13 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। वहीं डैशमण्ड क्रिकेट एकेडमी की ओर से सुहाना ने 38 रन और अल्तमश हुसैन ने 44 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। एक्सीलेंस क्रिकेट एकेडमी की ओर से सात्विक जैन के अलावा गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। अंत में एक्सीलेंस क्रिकेट एकेडमी ने मुकाबला अपने नाम किया।

प्रेमा ने महिला टी-20 का सबसे तेज अर्धशतक लगाया


14 गेंदों में फिफ्टी लगाई, सीनियर विमेंस ट्रॉफी में हैदराबाद के खिलाफ बनाया रिकॉर्ड

नई दिल्ली, 3 नवम्बर। भारतीय क्रिकेटर प्रेमा रावत ने महिला टी-20 क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक लगा दिया है। 24 साल की प्रेमा ने सीनियर विमेंस टी-20 ट्रॉफी में उत्तराखंड की ओर से खेलते हुए हैदराबाद के खिलाफ 14 गेंदों में फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 50 रन की नाबाद पारी खेली। इससे पहले यह रिकॉर्ड 15 गेंदों में अर्धशतक लगाने



वाली तीन खिलाड़ियों के नाम संयुक्त रूप से था। पुणे के क्रिकेट स्टेडियम में उत्तराखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 187 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद की टीम 98 रन ही बना सकी। उत्तराखंड ने यह मैच 89 रन से जीता। प्रेमा ने बल्ले के बाद गेंद से भी कमाल किया और 12 रन देकर 2 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। प्रेमा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरीं। उस समय पारी के सिर्फ आखिरी तीन ओवर बाकी थे। उन्होंने आते ही तेज गेंदबाज साक्षी राव की गेंदों पर लगातार तीन चौके लगाए। इसके बाद ऑफ स्पिनर वांका पूजा के ओवर में 18 रन बटोरे। आखिरी ओवर में उन्होंने कुंचला नितीशा की गेंदों पर छक्के और चौके लगाए। उनकी पारी में 6 चौके और 4 छक्के शामिल रहे। स्ट्राइक रेट 357.14 रहा। दूसरे छोर पर राघवी बिष्ट ने भी शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 50 गेंदों में नाबाद 72 रन बनाए।

स्पेनिश फुटबॉलर का 30 साल की उम्र में निधन



नई दिल्ली, 3 नवम्बर। स्पेन के फुटबॉल क्लब सीडी टेनेरिफ के स्ट्राइकर जीसस डी मिगुएल का 30 साल की उम्र में निधन हो गया। सोमवार, 2 नवंबर को स्पेन की दूसरी डिवीजन लीग में एफसी अंडोरा के खिलाफ मुकाबले के आखिरी मिनटों में उनकी टक्कर विपक्षी टीम के गोलकीपर जीसस ओवोनो से हो गई थी। गंभीर हालत में उन्हें मैदान से अस्पताल पहुंचाया गया। अगले दिन यानी 3 नवंबर की सुबह 8 बजे क्लब ने उनके निधन की पुष्टि की। यह हादसा मैच के इंजरी टाइम में हुआ, जब दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर थीं। अंडोरा के गोलकीपर ओवोनो गेंद को रोकने के लिए अपने गोल से काफी आगे निकल आए। इसी दौरान उनकी टक्कर डी मिगुएल से हुई। ओवोनो का घुटना डी मिगुएल के सीने से टकराया और स्ट्राइकर मैदान पर गिर पड़े। टेनेरिफ और अंडोरा के बीच मुकाबला स्पेन के सांता क्रूज डी टेनेरिफ स्थित हेलियोडोरो रोड्रिगेज लोपेज स्टेडियम में खेला जा रहा था। घरेलू टीम टेनेरिफ ने शुरुआत में 2-0 की बढ़त बना ली थी।

रोहित-विराट 6 साल बाद न्यूजीलैंड में साथ खेलेंगे

नई दिल्ली, 3 नवम्बर। रोहित शर्मा और विराट कोहली फरवरी 2020 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड की धरती पर साथ खेलेंगे। दोनों आखिरी बार 29 फरवरी 2020 को हैमिल्टन में तीसरे टी-20 इंटरनेशनल में उतरे थे। इसके बाद वे 4 नवंबर को पांच



वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में एक साथ उतरेंगे। टेस्ट और टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास लेने के बाद अब दोनों सिर्फ वनडे खेल रहे हैं। ऐसे में यह सीरीज 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने का मौका है। यह दोनों का न्यूजीलैंड का आखिरी दौरा भी हो सकता है। न्यूजीलैंड की पिचों पर तेज गेंदबाजों को हवा और उछाल से मदद मिलती है। गेंद स्विंग होने पर बल्लेबाजों के लिए उसे सही समय पर खेलना चुनौती बन जाता है। इन परिस्थितियों में विराट कोहली का रिकॉर्ड रोहित शर्मा से बेहतर रहा है। कोहली न्यूजीलैंड में 600 वनडे रन पूरे करने से सिर्फ 4 रन दूर हैं। उन्होंने वहां 13 वनडे में 596 रन बनाए हैं। उनका औसत 49.66 और स्ट्राइक रेट 91.41 है। इस दौरान उन्होंने एक शतक और 4 अर्धशतक लगाए हैं।

रोहित ने न्यूजीलैंड में 14 वनडे में 437 रन बनाए हैं। उनका औसत 36.41 और स्ट्राइक रेट 72.95 है। उनके नाम 4 अर्धशतक हैं, लेकिन वे अब तक यहां वनडे शतक नहीं लगा सके हैं। न्यूजीलैंड में विराट कोहली की सबसे यादगार वनडे पारी 19 जनवरी 2014 को नेपियर में आई थी। उन्होंने 111 गेंदों पर 123 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड की धरती पर यह उनका इकलौता वनडे शतक है। इसी दौरे पर उन्होंने हैमिल्टन में 65 गेंदों पर 78 और ऑकलैंड में 70 गेंदों पर 62 रन की पारियां भी खेली थीं। न्यूजीलैंड में रोहित शर्मा का सबसे बड़ा वनडे स्कोर 87 रन है। उन्होंने 26 जनवरी 2019 को माउंट माउंगानुई में यह पारी खेली थी। शिखर धवन के साथ उन्होंने पहले विकेट के लिए 154 रन जोड़े। धवन ने 66 रन बनाए। इस साझेदारी की मदद से भारत ने 50 ओवर में 4 विकेट पर 324 रन बनाए और मुकाबला 90 रन से जीत लिया।


यूथ कप अंडर-14 : आरसीसी व दी राजस्थान एकेडमी जीती

जयपुर 3 नवंबर। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित यूथ कप अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए मैचों में आर सी सी ने संस्कार एकेडमी को 96 रनो से हराया तथा दी राजस्थान एकेडमी ने कोड़ाई एकेडमी को 2 विकेट से हराया। आज प्रातः आर जे 14 ग्राउंड पर कोड़ाई एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तनवी शर्मा के 12 रन, हियांशिका शेखावत के 59 रन, मोंटी के 24 रन, सार्थक यादव के 15 रन व कार्तिकेय चौहान के 14 रनो से 35.4 ओवर में 162 रन बनाए। दी राजस्थान एकेडमी के लिए दुष्यंत ने 34 पर 3, अमन खोखर ने 27 पर 2, रुतबा चौधरी, रक्षित ब प्रिंस मीणा ने एक - एक विकेट लिया। जवाबी पारी में दी राजस्थान एकेडमी ने कार्तिक के 61 रन, दुष्यंत के 40 रन व अभय चौधरी के 30 रनो से 35.3 ओवर में 8 विकेट पर 168 रन बनाकर मैच जीत लिया। कोड़ाई एकेडमी के लिए सम्यक जैन ने 17 पर 3, कुशल कुमावत ने 10 पर 2, राघव तिवाड़ी व सार्थक यादव ने एक - एक विकेट लिया। दूसरे मैच में संस्कार ग्राउंड पर आर सी सी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गौरव जोनवाल के 59 रन, धीर यादव के 28 रन, चिंटू यादव के 64 रन व राजवीर सोलंकी के 18 रनो से 50 ओवर में 9 विकेट पर 232 रन बनाए। संस्कार एकेडमी के लिए रिदिमा शेखावत ने 47 पर 3, दक्ष सेन ने 20 पर एक विकेट लिया। जवाबी पारी में संस्कार एकेडमी की टीम आरव खंडेलवाल के 21 रन, रिधिमा शेखावत के 18 रन, माधव के 32 रन व दक्ष सेन के 23 रन से 40.2 ओवर में 136 रन बनाकर आउट हो गई।

सौरभ और ख्याति बने जयपुर जिला टेबल टेनिस चैम्पियन

जिला चैंपियनशिप में 400 खिलाड़ियों ने लिया भाग, विभिन्न आयु वर्गों में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

जयपुर, 3 नवंबर। जयपुर जिला टेबल टेनिस संघ की ओर से आयोजित दो दिवसीय जयपुर जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप-2026 का सोमवार को एसएमएस स्टेडियम स्थित टेबल टेनिस हॉल में समापन हुआ। प्रतियोगिता में करीब 400 खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में भाग लिया। पुरुष एकल वर्ग में सौरभ कपूर और महिला एकल वर्ग में ख्याति शर्मा ने खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के सचिव राजकेश मीणा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के स्पोर्ट्स ऑफिसर करण सिंह मनीष, सृष्टि फाउंडेशन के विवेक शर्मा, फिनोवा कैपिटल के राहुल साहनी और राजस्थान वेटरन कमेटी के संयोजक दीपक दास उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर टेबल टेनिस के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रणय गुप्ता तथा पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के अंतर्गत प्रशिक्षण के लिए चयनित जयपुर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी हर्षवर्धन सिंह को भी सम्मानित किया गया।




विभिन्न वर्गों के विजेता- पुरुष एकलः प्रथम सौरभ कपूर, द्वितीय नैतिक वीर, तृतीय अरिजय कुच्छल एवं भावित सिंह बिष्ट।, महिला एकलः प्रथम ख्याति शर्मा, द्वितीय आरना साहनी, तृतीय समृद्धि व्यास एवं प्रत्युषा शर्मा।, अंडर-11 बालकः प्रथम तारुष शर्मा, द्वितीय मानविक शर्मा, तृतीय अव्या सोगानी एवं यजत झा।, अंडर-11 बालिकाः प्रथम मृगया राजपूत, द्वितीय अशिया शर्मा, तृतीय आध्या नेगी एवं अधिरा माहेश्वरी।, अंडर-13 बालकः प्रथम आरव साहनी, द्वितीय तारुष शर्मा, तृतीय मानविक शर्मा एवं निर्वाण जैना।, अंडर-13 बालिकाः प्रथम आरना साहनी, द्वितीय मायरा राजपूत, तृतीय आध्या नेगी एवं आराध्या सैनी।, अंडर-15 बालकः प्रथम भावित सिंह बिष्ट, द्वितीय दक्ष सोनी, तृतीय समृद्ध बगड़ा एवं आरव साहनी।, अंडर-15 बालिकाः प्रथम ईशान्या शर्मा, द्वितीय स्वर्णिमा जैन, तृतीय आरना साहनी एवं आराध्या सैनी।, अंडर-17 बालकः प्रथम नैतिकवीर यादव, द्वितीय दक्ष सोनी, तृतीय युवान बाकलिवाल एवं ईशान गोयल।, अंडर-17 बालिकाः प्रथम समृद्धि व्यास, द्वितीय आरना साहनी, तृतीय डिम्पी शर्मा एवं ईशान्या शर्मा।, अंडर-19 बालकः प्रथम सौरभ कपूर, द्वितीय तुषार रामचंदानी, तृतीय समृद्ध बगड़ा एवं अरिजय।, अंडर-19 बालिकाः प्रथम आरना साहनी, द्वितीय राधिका सोनी, तृतीय समृद्धि व्यास एवं ख्याति शर्मा।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जयपुर की टीम का होगा प्रतिनिधित्वः जयपुर जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव सचित गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष आयोजित तीनों जिला रैंकिंग टूर्नामेंट और जिला चैंपियनशिप में खिलाड़ियों द्वारा अर्जित अंकों के आधार पर जयपुर की टीम का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी भरतपुर में आयोजित होने वाली आगामी राजस्थान राज्य स्तरीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अंडर-17, अंडर-19 तथा पुरुष एवं महिला वर्गों में जयपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता प्रबंधक किशन चौधरी ने खिलाड़ियों के अनुशासन और खेल भावना की सराहना की। आयोजन सचिव संजीव पारई ने अतिथियों, अधिकारियों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। संघ अध्यक्ष किशन माहेश्वरी, सचिव सचित गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने भी आयोजन की सफलता पर सभी को बधाई दी।

इंस्पायर और रेलवे क्रिकेट अकादमी सेमीफाइनल में, अमन ने 78 और अरनव ने 99 रन की पारी खेली







जयपुर, 3 नवम्बर। रेलवे क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे अजीम गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता में दिन के पहले मुकाबले में इंस्पायर क्रिकेट अकादमी ने राजस्थान यूथ अकादमी को 35 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इंस्पायर क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 237 रन बनाए। अमन सिंह शेखावत ने 78, ध्रुव खंडेलवाल ने 54 और हरी सिंह ने 41 रन बनाए। राजस्थान यूथ अकादमी की ओर से कार्तिक बदलानी ने तीन विकेट लिए। जवाब में राजस्थान यूथ अकादमी की टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 202 रन ही बना सकी। मोहित गुप्ता ने नाबाद 42, मोहित भक्तानी ने 40 और रिहान अली ने 30 रन बनाए। इंस्पायर की ओर से रोहित राज ने दो विकेट लिए। अमन सिंह शेखावत को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन के दूसरे मुकाबले में रेलवे क्रिकेट अकादमी ने जयपुर कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी को 112 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। रेलवे क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 214 रन बनाए। अरनव वशिष्ठ ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 99 रन की पारी खेली, जबकि गौरव मीणा ने 43 रन का योगदान दिया। जयपुर कोल्ट्स की ओर से अयान सोनी ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जयपुर कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी की टीम 102 रन पर ऑलआउट हो गई। अमन तुरपाणी ने 23 और अयान उस्मानी ने 22 रन बनाए। रेलवे की ओर से राजवीर सिंह ने चार, सचिन मालव ने तीन और कृष्णा मीणा ने दो विकेट लिए।